भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2187

जिसका उत्तर 12.02.2026 को दिया जाना है

राज्यीय राजमार्ग संख्या 7 पर अधूरे कार्य

2187. श्री भाऊसाहेब राजाराम वाकचौरे:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या शिर्डी लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत राज्यीय राजमार्ग संख्या 7 (सावली विहिर से भरवास-लासलगांव सड़क) पर कार्य 2014 में आरंभ हुआ था, लेकिन देर्डे फाटा से लासलगांव तक का महत्वपूर्ण खंड अभी भी अधूरा पड़ा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या कोलपेवाड़ी सहकारी चीनी कारखाने और आसपास के कॉलेज क्षेत्र में संकरी सड़क के कारण छात्रों, विशेषकर बच्चों और लड़कियों को दुर्घटनाओं का गंभीर खतरा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या वर्षा ऋतु में इस सड़क पर बैलगाड़ियां और भारी वाहन चलते हैं, जिससे भारी यातायात जाम होता है और दुर्घटनाओं की संख्या में वृद्धि होती है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार द्वारा देर्डे फाटा से कोलपेवाड़ी और चीनी कारखाने तक इस सड़क को चौड़ी करने के संबंध में तेजी लाने के लिए आवश्यक कदम उठाने की संभावना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) सरकार का सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय मुख्य रूप से राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) के विकास और रखरखाव के लिए उत्तरदायी है। सवलीविहिर से देर्डे फाटा खंड को एनएच-160 के रूप में घोषित किया गया है और इस खंड का विकास जून, 2026 में कार्यों को पूरा करने के लक्ष्य के साथ कार्यान्वयन के अधीन है।

शेष देर्डे फाटा- भरवास- लासलगांव खंड एक राज्य सड़क है, जिसका विकास और रखरखाव महाराष्ट्र राज्य सरकार द्वारा अपने स्वयं के संसाधनों के माध्यम से किया जा रहा है। जैसा कि राज्य सरकार ने बताया है, देर्डे फाटा से माधी (कोलपेवाड़ी के निकट) खंड को छोड़कर इस खंड पर चौड़ीकरण का कार्य दिसंबर, 2026 में पूरा करने के लक्ष्य के साथ कार्यान्वित किया जा रहा है।

(ख) से (घ) कोलपेवाड़ी सहकारी चीनी मिल और निकटवर्ती कॉलेज क्षेत्र की सड़क एक राज्य सड़क है। जैसा कि राज्य सरकार ने बताया है, इस सड़क की कैरिजवे चौड़ाई 5.50 मीटर (मध्यवर्ती-लेन) है। इन सड़कों का उन्नयन कार्य राज्य सरकार द्वारा किया जाना है।

*****